राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति (SLSC) की दिनांक 04 दिसम्बर, 2017 को सम्पन्न 25वीं बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची संलग्न।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति (SLSC) की 25वीं बैठक दिनांक 04 दिसम्बर, 2017 को मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में भारत सरकार के प्रतिनिधि डॉ0 आशीष कुमार भूटानी, संयुक्त सचिव, (सी0 एण्ड सी0), कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, नई दिल्ली तथा प्रदेश के कृषि एवं सम्वर्गीय विभागों के प्रमुख सचिव/सचिव/उच्चाधिकारियों एवं कृषि विश्वविद्यालयों हेतु कुलपति तथा वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रमुख सचिव (कृषि) द्वारा अध्यक्ष की अनुमति से बैठक का शुभारम्भ किया गया। तदोपरान्त कृषि निदेशक, उ0प्र0 द्वारा एजेण्डावार विवरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा एजेण्डावार दिए गए निर्णयों/निर्देशों का विवरण निम्नवत् है :–

1. एस0एल0एस0सी0 की गत बैठक दिनांक 03.07.2017 के कार्यवृत्त की पुष्टि

समिति को अवगत कराया गया कि एस0एल0एस0सी0 की गत बैठक दिनांक 03.07.2017 को सम्पन्न हुई थी। बैठक का कार्यवृत्त शासन के पत्र संख्या–714/12–3–2017–199/2007 टी.सी. दिनांक 20.07.2017 के द्वारा समिति के समस्त सदस्यों को उपलब्ध करा दिया गया है। कार्यवृत्त के किसी भी प्रस्तर/अंश के संदर्भ में किसी भी स्तर से कोई टिप्पणी/आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है। *तदोपरान्त समिति की बैठक दिनांक 03.07.2017 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।*

2. समिति की गत बैठक के कार्यवृत्त में लिए गए निर्णयों पर परिपालन की स्थिति

समिति को अवगत कराया गया कि एस0एल0एस0सी0 की दिनांक 03.07.2017 में दिए गये निर्णयों एवं निर्देशों के अनुसार कार्यवृत्त के सभी बिन्दुओं पर कार्यवाही पूर्ण कराते हुए परिपालन कराया गया है। *समिति द्वारा प्रस्तरवार परिपालन की स्थिति का संज्ञान लिया गया।*

3. योजना की प्रगति की स्थिति

I– वर्ष 2017–18 में गत वर्ष की अप्रयुक्त पुनर्वेध धनराशि रू0 176.54 करोड़ उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए भारत सरकार स्तर से पूर्व निर्गत एलोकेशन रू0 736.13 करोड़ में भारत सरकार के पत्र दिनाँक 28.11.2017 के क्रम में ए.एफ.डी.पी. उपयोजना हेतु अनुमोदित धनराशि रू0 7.20 करोड़ (केन्द्रांश रू0 4.32 करोड़ एवं राज्यांश रू0 2.88 करोड़) को सम्मिलित करते हुए अब तक रू0 733.33 करोड़ की धनराशि का

मात्राकरण प्राप्त है। वर्ष 2017–18 के लिए गत वर्ष की पुनर्वेध धनराशि रू0 176.54 करोड़ को सम्मिलित करते हुए कुल रू0 909.87 करोड़ की उपलब्धता सम्भावित है। भारत सरकार के स्तर से केन्द्रांश की प्रथम किश्त के रूप में रू0 217.52 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गयी है, जिसमें 40 प्रतिशत राज्यांश रू0 145.01 करोड़ को सम्मिलित करते हुए रू0 365.53 करोड़ की धनराशि उपलब्ध है। इस धनराशि में गत वर्ष की पुनर्वेध धनराशि रू0 176.54 करोड़ को सम्मिलित करते हुए वर्तमान में कुल रू0 539.07 करोड़ की धनराशि वित्तीय स्वीकृतियों हेतु उपलब्ध है।

II– उपरोक्त के सापेक्ष अब तक रू0 429.96 करोड़ की वित्तीय स्वीकृतियॉ कार्यदायी विभागों के पक्ष में निर्गत की जा चुकी हैं। सम्बन्धित विभागों द्वारा मात्र रू0 156.47 करोड़ (36 प्रतिशत) का व्यय कराया गया है। समिति द्वारा विभागवार प्रगति का संज्ञान लिया गया तथा योजना की कम प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। साथ ही सम्बन्धित विभाग दिनाँक 15.12.2017 तक पुनर्वेध धनराशि का शत्–प्रतिशत तथा वर्ष 2017–18 में केन्द्रांश की प्रथम किश्त के सापेक्ष 60 प्रतिशत धनराशि का दिनाँक 15.12.2017 तक व्यय कराते हुए नोडल विभाग (कृषि विभाग) को उपभोग प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। नोडल विभाग द्वारा संकलित उपभोग प्रमाण–पत्र भारत सरकार को उपलब्ध कराते हुए द्वितीय किश्त अवमुक्त कराने की कार्यवाही माह दिसम्बर 2017 के अन्त तक सुनिश्चित करायी जायेगी।

III–समिति द्वारा कतिपय बिभागों यथा कृषि विभाग की 30 प्रतिशत, पशुपालन विभाग की 28 प्रतिशत, रेशम विभाग की 04 प्रतिशत एवं मत्स्य विभाग की 15 प्रतिशत प्रगति पर असन्तोष व्यक्त किया गया तथा निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित विभाग भारत सरकार स्तर से द्वितीय किश्त प्राप्त करने हेतु निर्धारित मानकों के अनुसार व्यय कराते हुए दिनाँक 15.12.2017 तक नोडल विभाग को उपयोगिता प्रमाण–पत्र उपलब्ध करायें। इसके अतिरिक्त समिति द्वारा पशुधन विकास परिषद तथा पी0सी0डी0एफ0 की शून्य प्रगति पर रोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित संस्थायें तत्कालिक रूप से धनराशि के शत्–प्रतिशत व्यय की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

IV– वर्ष 2017–18 में भारत सरकार द्वारा सामान्य श्रेणी हेतु 59.43 प्रतिशत, अनुसूचित जाति (एस.सी.पी. कम्पोनेन्ट) हेतु 40.44 प्रतिशत एवं अनुसूचित जनजाति (टी.एस.पी. कम्पोनेन्ट) के लिए 0.13 प्रतिशत का एलोकेशन एवं तद्नुसार धनराशि अवमुक्त की गयी है। वर्तमान में एस.सी.पी. कम्पोनेन्ट के अन्तर्गत रू0 124.35 करोड़ की धनराशि उपलब्ध है, जिसके सापेक्ष कार्यदायी विभागों के स्तर से मात्र रू0 25.50 करोड़ की वित्तीय स्वीकृतियॉ निर्गत की जा सकी हैं। समिति द्वारा स्थिति का संज्ञान लिया गया तथा निर्देश दिये गये कि समस्त

विभाग/संस्थाए भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2017–18 में संचालित परियोजनाओं के अन्तर्गत राजस्व एवं पूँजीगत मदों में ग्राण्टवार धनराशि की माँग एवं व्यय की व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

4. पूर्व अनुमोदित परियोजनाओं में प्रस्तावित संशोधनों पर विचारः–

समिति के समक्ष पूर्व में एस0एल0एस0सी0 से अनुमोदित कतिपय परियोजनाओं में प्रस्तावित संशोधनों का विवरण प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त दिये गये निर्णयों/निर्देशों का विवरण निम्नवत हैः

1. कृषि विभाग :–

i. **Integrated Cereal Development Programme-Wheat परियोजना लागत रू0 4500.00 लाख** :– वर्ष 2017–18 के लिए प्रदेश के 39 नॉन–एन0एफ0एस0एम0/बी0जी0आर0ई0आई0 जनपदों में गेंहूँ के उन्नतशील प्रजातियों के प्रमाणित बीजों के वितरण पर रु0 1000 प्रति कु0 अनुदान की दर पर तीन लाख कु0 गेंहूँ बीज वितरण की योजना हेतु एस.एल.एस.सी. की बैठक दिनाँक 03.07.2017 में रु0 3000.00 लाख की कार्ययोजना अनुमोदित की गयी है। वर्तमान में कृषकों की आवश्यकताओं के दृष्टिगत गेहूँ के प्रमाणित बीजों के लक्ष्य 3.00 लाख कु0 से बढ़ाकर 4.50 लाख कु0 किये गये हैं। लक्ष्यों में वृद्धि के अनुसार अब योजना की लागत रू0 4500.00 लाख हो गयी है। एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनाँक 31.10.2017 में संशोधित कार्ययोजना लागत रू0 4500.00 लाख को एस.एल.एस.सी. के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने की संस्तुति की गई है। भारत सरकार के पत्र दिनाँक 01.12.2017 के द्वारा परियोजना को एन.एफ.एस.एम. के कास्ट नार्म्स पर वित्त पोषण हेतु सपोर्ट किया गया है। *तदोपरान्त समिति द्वारा वर्ष 2017–18 हेतु संशोधित कार्ययोजना लागत रू0 4500.00 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया।*

2. राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान, रहमानखेड़ा :–

i. **Construction of fencing at Sehlamau farm (Phase-II) under SIMA परियोजना लागत रू0 236.82 लाख** :– परियोजना हेतु एस0एल0एस0सी0 की बैठक दिनांक 21.11.2016 में रु0 211.60 लाख की कार्ययोजना अनुमोदित की गई। शासन के स्तर से नामित कार्यदायी संस्था "राजकीय निर्माण निगम" द्वारा जी0एस0टी0 प्रभावी होने के पश्चात रू0 236.82 लाख के संशोधित आगणन प्रस्तुत किये गये हैं। एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनाँक 31.10.2017 में प्रस्ताव को एस.एल.एस.सी. के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने की संस्तुति की गई है। भारत सरकार के पत्र दिनाँक 01.12.2017 के द्वारा परियोजना को

जी.एस.टी. की वर्तमान प्रचलित/प्रभावी दरों पर वृद्धि के साथ वित्त पोषण हेतु सपोर्ट किया गया है। *तद्नुसार समिति द्वारा वर्ष 2017–18 हेतु जी.एस.टी. की प्रभावी दरों पर अनुमन्य करते हुए संशोधित कार्ययोजना लागत रू0 236.82 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया।*

ii. Construction of fencing at Rehmankhera farm (Phase-III) under SIMA **परियोजना लागत रू0 36.16 लाख** :–परियोजना हेतु एस0एल0एस0सी0 की बैठक दिनांक 21.11.2016 में रु0 32.31 लाख की कार्ययोजना अनुमोदित की गई। शासन के स्तर से नामित कार्यदायी संस्था "राजकीय निर्माण निगम" द्वारा जी0एस0टी0 प्रभावी होने के पश्चात रू0 36.16 लाख के संशोधित आगणन प्रस्तुत किये गये हैं। एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनाँक 31.10.2017 में प्रस्ताव को एस.एल.एस.सी. के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने की संस्तुति की गई है। भारत सरकार के पत्र दिनाँक 01.12.2017 के द्वारा परियोजना को जी.एस.टी. की वर्तमान प्रचलित/प्रभावी दरों पर वृद्धि के साथ वित्त पोषण हेतु सपोर्ट किया गया है। *तद्नुसार समिति द्वारा वर्ष 2017–18 हेतु जी.एस.टी. की प्रभावी दरों पर अनुमन्य करते हुए संशोधित कार्ययोजना लागत रू0 36.16 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया।*

3. पं0 दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा वि0वि0 एवं गौ अनुसंधान संस्थान, मथुरा :–

i. Cost escalation due to GST- विश्वविद्यालय की एस0एल0एस0सी0 की बैठक दिनांक 21.11.2016, 20.12.2016 एवं 03.07.2017 में निर्माण कार्य–परक रु0 2544.09 लाख लागत की 08 परियोजनाएं अनुमोदित की गई थी। विश्वविद्यालय द्वारा अवगत कराया गया है कि निर्माण कार्यों पर कार्यदायी संस्थाओं द्वारा 06 प्रतिशत सर्विस टैक्स के स्थान पर 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 की मांग की जा रही है। इस कारण से परियोजनाओं की लागत में रू0 77.86 लाख की मूल्य वृद्धि हुई है। समिति द्वारा जी0एस0टी0 की प्रभावी दरों के अनुसार परियोजनावार एस.एल.पी.एस.सी. की बैठक दिनाँक 31.10.2017 में एस0एल0पी0एस0सी0 के अनुमोदनार्थ संस्तुत संशोधित लागत का विवरण निम्नवत् है :–

धनराशि रू0 लाख में

S.N.	Project name	SLSC approval date	Component	Approved by SLSC	Revised due to GST
1	2	3	4	5	6
1	Propagation of insemination techniques in goats and etablishment of semen bank for enhanced productivity and socio-economic upliftment	21.11.16	Civil work	99.74	105.39
			Other item	206.76	206.76
			Total	**306.50**	**312.15**
2	Unit of Silage making and popularization of low cost silage technology for year round fodder availability for small scale farmers	21.11.16	Civil work	22.84	24.13
			Other item	66.78	66.78
			Total	**89.62**	**90.91**
3	Establishment of modernized goat farm for strengthening goat husbandry practices in U.P.	20.12.16	Civil work	160.13	169.19
			Other item	279.92	279.92
			Total	**440.05**	**449.11**

S.N.	Project name	SLSC approval date	Component	Approved by SLSC	Revised due to GST
1	2	3	4	5	6
4	Establishment of environment controlled chamber and calorimetric unit to enhance productivity of livestock in the scenario of climate change in U.P.	20.12.16	Civil work	135.00	142.64
			Other item	117.50	117.50
			Total	**252.50**	**260.14**
5	Establishment of small scale feed processing demonstration unit to promote rural youth entrepreneurship	03.07.17	Civil work	74.34	78.27
			Other item	158.00	158.00
			Total	**232.34**	**236.27**
6	Strengthening and modernization of University farm	03.07.17	**Total (Civil work)**	**877.68**	**924.02**
7	Strategic control of subclinical parasitism for better animal health and enhanced productivity in U.P.	03.07.17	Civil work	40.00	42.11
			Other item	82.20	82.20
			Total	**122.20**	**124.31**
8	Strengthening of clinical diagnostic and therapeutic facilities at University referral hospital for benefit of farmers and livestock owners	03.07.17	Civil work	35.00	36.84
			Other item	188.20	188.20
			Total	**223.20**	**225.04**
	Total			**2544.09**	**2621.95**

उक्त प्रस्ताव को भारत सरकार के पत्र दिनाँक 01.12.2017 के द्वारा प्रस्ताव को जी.एस.टी. की वर्तमान प्रचलित/प्रभावी दरों पर वृद्धि के साथ वित्त पोषण हेतु सपोर्ट किया गया है। *समिति द्वारा जी.एस.टी. की प्रभावी दरों पर अनुमन्य करते हुए परियोजनावार उक्त तालिका के कालम–06 के अनुसार परियोजनावार संशोधित लागत का अनुमोदन प्रदान किया गया।*

4. गन्ना विभाग :–

i. Enhancing sugarcane production in U.P. परियोजना लागत रू0 1729.12 लाखः–परियोजना हेतु एस0एल0एस0सी0 की बैठक दिनांक 03.07.2017 में गन्ना विभाग के प्रस्तावानुसार रु0 1729.12 लाख की कार्ययोजना अनुमोदित की गई थी, जिसके अन्तर्गत ड्रिप इरीगेशन प्रणाली के 1000 हे0 में प्रदर्शनों हेतु रु0 500.00 लाख का अनुमोदन प्राप्त है। वर्तमान में गन्ना विभाग द्वारा ड्रिप इरीगेशन प्रणाली कार्यमद की धनराशि रु0 500.00 लाख को कृषि यन्त्रों हेतु परिवर्तन करने का प्रस्ताव दिया गया है। एस.एल.पी.एस.सी. की बैठक दिनाँक 31.10.2017 में परियोजना की अनुमोदित कार्ययोजना लागत रु0 1729.12 लाख के अन्तर्गत ही ड्रिप–इरीगेशन प्रणाली कार्यमद की धनराशि रु0 500.00 लाख को कृषि यंत्र मद में परिवर्तित करने हेतु एस0एल0एस0सी0 के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने की संस्तुति की गई है। भारत सरकार के पत्र दिनाँक 01.12.2017 के द्वारा प्रस्ताव एन.एफ.एस.एम./एस.एम.ए.एम. के नार्म्स पर वित्त पोषण हेतु सपोर्ट किया गया है। *समिति द्वारा भारत सरकार के अभिमत के अनुसार गन्ना की फसल के लिए उपयुक्त/संस्तुत कृषि यंत्रों का वितरण डी.बी.टी. के माध्यम से कराने के निर्देश के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया।*

5. सहकारिता विभाग :–

i. **Construction of PACS Go-down** परियोजना हेतु वर्ष 2014–15 में रु0 6700.10 लाख की धनराशि सहकारिता विभाग के पक्ष में निर्गत की गई, जिसके सापेक्ष रु0 6600.00 लाख का व्यय कराते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए हैं। अब तक रु0 100.10 लाख के उपयोगिता प्रमाण पत्र अपेक्षित हैं। सहकारिता विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि निर्गत धनराशि रु0 6700.10 लाख के सापेक्ष 303 गोदामों का निर्माण कराया जाना था। कार्यदायी संस्था पैकफेड द्वारा 297 गोदामों का निर्माण पूर्ण करा लिया गया है तथा 06 गोदामों यथा– फिरोजाबाद–01, आजमगढ–01, बलिया–01, जौनपुर–01 एवं इलाहाबाद–02 में निर्माण स्थलों के सम्बन्ध में स्थानीय विवादों एवं मा0 उच्च न्यायालय विचाराधीन होने के कारण कार्य बाधित हैं। जनपद आजमगढ़ के निर्माण स्थल पर रु0 7.06 लाख के कार्य करा लिए गए हैं तथा जनपद बलिया के गोदाम निर्माण हेतु रु0 3.26 लाख की निर्माण सामग्री का उपयोग अन्यत्र कराया जाना है। इस प्रकार, रु0 114.54 लाख की धनराशि उपलब्ध है। उपलब्ध धनराशि के अन्तर्गत रू0 27.49 लाख प्रति गोदाम की दर से 04 गोदाम ही निर्मित कराये जा सकते हैं। एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनाँक 31.10.2017 में सहकारिता विभाग द्वारा वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 में निर्मित समस्त गोदामों पर कृषि उत्पाद विनिमय अधिनियम के तहत "भाण्डागारण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण– WDRA (Warehousing Development and Regulatory Authority) से प्रमाणन कराते हुए कृषकों को भण्डारण की सुविधा सुनिश्चित कराने के निर्देश के साथ उपलब्ध धनराशि की सीमान्तर्गत 04 गोदामों का निर्माण पूर्ण कराने हेतु एस0एल0एस0सी0 के अनुमोदनार्थ संस्तुति की गई हैं। भारत सरकार के पत्र दिनाँक 01.12.2017 के द्वारा प्रस्तावित नवीन 04 गोदामों के निर्माण स्थल का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश के साथ उपलब्ध धनराशि के अन्तर्गत निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश के साथ सपोर्ट किया गया है। *समिति द्वारा एस.एल.पी.एस.सी. एवं भारत सरकार की अपेक्षा के अनुसार प्रस्तावित नवीन 04 गोदामों के निर्विवाद निर्माण स्थल का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया।*

5. वर्ष 2017–18 हेतु नवीन परियोजना प्रस्तावों पर विचार :–

अ– समिति के समक्ष कृषि एवं सम्वर्गीय विभागों के द्वारा रू0 14107.55 लाख (01 से 03 वर्ष के लिए) एवं वर्ष 2017–18 के लिए रू0 10158.23 लाख की एस.एल.पी.एस.सी. की बैठक दिनाँक 31.10.2017 में संस्तुत परियोजनायें प्रस्तुत की गयी। समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त विभागवार/ परियोजनावार दिए गए निर्णयों/निर्देशों का विवरण निम्नवत है:–

1. कृषि विभाग :–

i. **Pico-projectors and hand held devices for SMAE sub-mission of ATMA project परियोजना लागत रू0 668.30 लाख :–** प्रदेश के समस्त विकास खण्डों में आत्मा योजनान्तर्गत 02 पीको प्रोजेक्टर प्रति विकास खण्ड एवं प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में 45 हैन्डहेल्ड डिवाइस क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को प्रसार कार्यो हेतु उपलब्ध कराये जाने हैं। इस प्रकार कुल 1642 पीको प्रोजेक्टर एवं 3375 हैन्डहेल्ड डिवाइस की आवश्यकता है। पीको प्रोजेक्टर एवं हैन्डहेल्ड डिवाइस की 50 प्रतिशत आर0के0वी0वाई0 एवं 50 प्रतिशत आत्मा योजना की निधियों से व्यवस्था की जानी प्रस्तावित है। आर0के0वी0वाई0 अन्तर्गत वर्ष 2017–18 में 821 पीको प्रोजेक्टर एवं 1688 हैन्डहेल्ड डिवाइस के क्रय हेतु रू0 668.30 लाख की कार्य योजना एस.एल.पी.एस.सी. की बैठक दिनाँक 31.10.2017 में भारत सरकार के अभिमत/ सहमति के साथ कार्ययोजना लागत रू0 668.30 लाख को एस.एल.एस.सी. के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने की संस्तुति की गयी है। भारत सरकार द्वारा रू0 0.30 लाख प्रति पीको प्रोजेक्टर एवं प्रति हैन्डहेल्ड डिवाइस हेतु प्रस्तावित रू0 0.25 लाख के सापेक्ष धनराशि रू0 0.20 लाख की सीमा तक प्रति हैन्डहेल्ड डिवाइस हेतु संस्तुति की गयी है। *तद्नुसार समिति द्वारा भारत सरकार के अभिमत के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश के साथ वर्ष 2017–18 के लिए कार्ययोजना लागत रू0 583.90 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया।*

ii. **Scheme for promoting non-loanee farmers for Pradhan Mantri Fasal Beema Yojna in U.P. परियोजना लागत रू0 100.00 लाख :–** प्रदेश के 20 लाख नॉन–लोनी फारमर्स को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जोड़ने हेतु आत्मा योजनान्तर्गत कार्यरत 2463 बी.टी.एम./ए.टी.एम. को रू0 10.00 प्रति कृषक प्रोत्साहन धनराशि के रूप में दिया जाना प्रस्तावित किया गया है। एस.एल.पी.एस.सी. की बैठक दिनाँक 31.10.2017 रू0 100.00 लाख को एस.एल.एस.सी. के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने की संस्तुति की गयी है। भारत सरकार द्वारा आर0के0वी0वाई0 की गाइड लाइन्स की सीमा तक वित्त पोषण हेतु सपोर्ट किया गया है। समिति द्वारा नॉन–लोनी कृषकों को पी.एम.एफ.बी.वाई. योजना से जोड़ने के साथ–साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित कराने के सार्थक प्रयास करने के निर्देश भी दिये गये। *सम्यक विचारोपरांत समिति द्वारा कार्ययोजना लागत रू0 100.00 लाख का अनुमोदन वर्ष 2017–18 के लिए प्रदान किया गया।*

iii. **Drip and sprinkler solar lift irrigation system for benefit of farmers in salty water affected area in Etah district परियोजना लागत रू0 78.34 लाख :–** एस.एल.पी.एस.सी. की बैठक दिनाँक 31.10.2017 में एटा जनपद के सकीट विकास खण्ड के सराय जवाहरपुर ग्राम में 50 हे0 क्षेत्र हेतु 01 ड्रिप एवं सोलर लिफ्ट इरीगेशन यूनिट की स्थापना के लिये आर0के0वी0वाई0 अंश (90 प्रतिशत) के रूप में रू0 78.34 लाख की कार्ययोजना एस.एल.एस.सी. के समक्ष प्रस्तुत करने की संस्तुति की गयी है। भारत सरकार द्वारा प्रस्ताव को पी.एम.के.एस.वाई./एन.एफ.एस.एम. के नार्म्स पर वित्त पोषण हेतु सपोर्ट किया

गया है। *समिति द्वारा कार्ययोजना लागत रू0 78.34 लाख का अनुमोदन वर्ष 2017–18 के लिए प्रदान किया गया।*

iv **The Millions Farmers School "Kisan Pathshala" परियोजना लागत रू0 617.00 लाख** :– समिति को अवगत कराया गया कि परियोजना के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त जनपदों की 15500 ग्राम पंचायतों में प्रति ग्राम पंचायत 05 दिवसीय किसान पाठशालाओं का आयोजन रबी 2017 में किया जाना है। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग के 100 तकनीकी कार्मिकों प्रति जनपद की दर से कृषि विज्ञान केन्द्रों पर 01 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये जायेगें। प्रारम्भिक रूप से आगणित धनराशि के अनुसार कार्ययोजना लागत रू0 307.50 लाख को वर्ष 2017–18 के लिए एस.एल.एस.सी. के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने की संस्तुति एस.एल.पी.एस.सी. की बैठक दिनाँक 31.10.2017 में की गयी थी। भारत सरकार द्वारा दिनांक 28.11.2017 में आयोजित प्री–एस0एल0एस0सी0 की बैठक में संशोधित कार्ययोजना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। तद्क्रम में संशोधित कार्ययोजना रु0 617.00 लाख निदेशालय के पत्र दिनांक 30.11.2017 के द्वारा प्रेषित की जा चुकी है। वर्तमान में परियोजनान्तर्गत रू0 12.50 लाख कृषकों को कृषि तकनीक बुलेटिन, रू0 700.00 प्रति कृषि पाठशाला बैनर एवं दरी आदि की व्यवस्था हेतु तथा रू0 500.00 प्रति पाठशाला उद्घाटन तथा रू0 500.00 प्रति पाठशाला समापन दिवस के आयोजनों हेतु प्रस्तावित है। इस प्रकार, अब रु0 462.00 लाख की आवश्यकता है। समस्त प्रदेश में अभियान स्वरुप किसान पाठशालाओं का दिनांक 05.12.2017 से शुभारम्भ किया जा रहा है। संयुक्त सचिव, भारत सरकार द्वारा परियोजना पर सहमति प्रदान की गई। *समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त् कार्ययोजना लागत रू0 462.00 लाख का अनुमोदन वर्ष 2017–18 हेतु प्रदान किया गया।*

2. **उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग :–**

i. **Establishment of Hi-tech vegetable nursery to boost vegetable production परियोजना लागत रू0 3202.92 लाख** :– परियोजनान्तर्गत प्रदेश के 11 जनपदों यथा गोरखपुर, मऊ, बलिया, वाराणसी, कौशाम्बी, हापुड़, फैजाबाद, लखनऊ, सहारनपुर, झॉसी एवं बहराइच में उद्यान विभाग के राजकीय प्रक्षेत्र एवं पौधशालाओं पर उच्च तकनीकी विधि से सब्जियों की फसलों की पौध तैयार कराकर कृषकों को उपलब्ध कराने तथा सब्जियों की खेती के क्षेत्र विस्तार हेतु रू0 3202.92 लाख की कार्ययोजना प्रस्तावित की गयी है। एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनांक 31.10.2017 परियोजना लागत रू0 3202.92 लाख को एस.एल.एस.सी. के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने की संस्तुति की गयी है। भारत सरकार द्वारा परियोजना को एम0आई0डी0एच0/आर0के0वी0वाई0 एवं पी0एम0के0एस0वाई0 के नार्म्स पर नान–एन0एच0एम0 जनपदों हेतु सपोर्ट किया गया है। नियोजन विभाग के प्रतिनिधि द्वारा इंगित किया गया कि नर्सरियों के रख–रखाव एवं नियमित संचालन की व्यवस्था उद्यान विभाग द्वारा किस प्रकार की जाएगी, यह तथ्य स्पष्ट नहीं किए गए हैं। प्रमुख सचिव, उद्यान विभाग द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि विभागीय बजट से ही नर्सरियों का रख–रखाव आदि

किया जाएगा। *तद्नुसार समिति द्वारा प्रस्तावित 11 जपदों में से 03 नॉन–एन0एच0एम0 जनपदों हेतु रु0 873.52 लाख का अनुमोदन वर्ष 2017–18 के लिए प्रदान किया गया।*

ii. **Development of bee-keeping in U.P.** परियोजना लागत रू0 1063.50 लाखः– परियोजनान्तर्गत प्रदेश के 45 जनपदों में 1125 मधुमक्खी पालन इकाईयों (25 इकाई प्रति जनपद) की स्थापना एम.आई.डी.एच. के कार्स्ट नार्म्स एवं सब्सिडी पैटर्न पर की जानी है। एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनांक 31.10.2017 में रू0 1063.50 लाख की कार्ययोजना को एस.एल.एस.सी. के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने की संस्तुति की गयी है। भारत सरकार द्वारा अपेक्षा की गई है कि राज्य स्तर से परियोजना प्रस्तुत करने से पूर्व इन्टीग्रेटेड बी–कीपिंग डेवलपमेंट सेन्टर (IBDC) की स्थापना कराई जाए। *समिति द्वारा सम्यक् विचोरोपरान्त भारत सरकार की अपेक्षानुसार वांछित सूचनाओं सहित प्रस्ताव प्रेषित करने तथा सकारात्मक अभिमत दिनाँक 31.12.2017 तक प्राप्त करने के निर्देश के साथ कार्ययोजना लागत रु0 1063.50 लाख का अनुमोदन वर्ष 2017–18 हेतु प्रदान किया गया।*

iii. **Allocation of fund for VIUC Sub-scheme from Normal RKVY** :– समिति को अवगत कराया गया कि उद्यान विभाग द्वारा संचालित आर0के0वी0वाई0 की Vegetable Initiatives for Urban Clusters (VIUC) उपयोजना के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 में उपलब्ध पुनर्वैध धनराशि रु0 387.13 लाख (शत–प्रतिशत केन्द्रीय सहायता) के सापेक्ष रु0 382.50 लाख की स्वीकृति शासनादेश दिनांक 28.03.2017 के द्वारा उद्यान विभाग के पक्ष में निर्गत की गई। उद्यान विभाग द्वारा दिनांक 31.03.2017 को रु0 35.70 लाख के बिल कोषागार को प्रेषित किए गए, जिनका टोकन लैप्स होने के कारण धनराशि लाभार्थियों के खाते में स्थानान्तरित नहीं हो सकी। फलस्वरुप सम्पूर्ण धनराशि विभाग द्वारा समर्पित कर दी गई। वर्ष 2017–18 के लिए भारत सरकार द्वारा उपयोजना की अप्रयुक्त धनराशि रु0 387.13 लाख का रिवैलीडेशन नहीं किया गया, अपितु निर्देश दिए गए हैं कि धनराशि भारत सरकार को समर्पित कर दी जाए। वर्तमान में उद्यान विभाग द्वारा रु0 30.525 लाख की मांग गत वर्ष संपादित कार्यों की देनदारियों हेतु की गई है। एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनांक 31.10.2017 में आर0के0वी0वाई0 सामान्य की निधियों से रु0 30.525 लाख के मात्राकरण के संस्तुति की गई है। भारत सरकार द्वारा इंगित किया गया है कि Naturally Ventilated Green House की प्रस्तावित दरें उच्चतम् हैं, जिनके संशोधन की आवश्यकता है, तद्नुसार कार्यवाही के करने के निर्देश के साथ प्रस्ताव को एम0आई0डी0एच0 के कास्ट नार्म्स पर सपोर्ट किया गया है। *समिति द्वारा एम0आई0डी0एच0 के कास्ट नार्म्स पर आर0के0वी0वाई0–सामान्य के अन्तर्गत वित्त पोषण करने के निर्देश के साथ रु0 30.53 लाख का वर्ष 2017–18 के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया।*

2. पशुपालन विभाग :–

i. **PPR vaccination in small ruminants परियोजना लागत रू0 1421.24 लाख :–** परियोजनान्तर्गत समस्त जनपदों में छोटे पशुओं (भेड़ एवं बकरी) में पी.पी.आर. वैक्सीन के टीकाकरण कार्यो हेतु रू0 1421.24 लाख (03 वर्षो के लिए) एवं वर्ष 2017–18 हेतु रू0 353.75 लाख की कार्ययोजना प्रस्तुत की गयी है। परियोजना के अन्तर्गत रू0 1.50 प्रति वैक्सीन लागत, रू0 2.50 प्रति वैक्सीन टीकाकरण एवं रू0 2.00 प्रति टीकाकरण पैरावेट को प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जाना प्रस्तावित है। एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनांक 31.10.2017 में रू0 1421.24 लाख (03 वर्षो के लिए) एवं वर्ष 2017–18 हेतु रू0 353.75 लाख की कार्ययोजना को एस.एल.एस.सी. के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने की संस्तुति की गयी है। भारत सरकार द्वारा डेयरी, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग भारत सरकार का अभिमत प्राप्त न होने के कारण प्रस्ताव को सपोर्ट नहीं किया गया है। *समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त् भारत सरकार का सकारात्मक अभिमत दिनाँक 31.12.2017 तक प्राप्त करने के निर्देश के साथ कार्ययोजना लागत रू0 1421.24 लाख (03 वर्षो के लिए) एवं वर्ष 2017–18 हेतु रू0 353.75 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया।*

ii. **Brucellosis vaccination in bovine परियोजना लागत रू0 57.75 लाखः–** परियोजनान्तर्गत समस्त जनपदों 50000 सॉड़ों (Bovine) प्रति वर्ष के टीकाकरण कार्यो हेतु रू0 57.75 लाख (03 वर्षो के लिए) एवं वर्ष 2017–18 हेतु रू0 19.25 लाख की कार्ययोजना प्रस्तुत की गयी है। परियोजना के अन्तर्गत रू0 32.00 प्रति वैक्सीन लागत एवं रू0 6.50 प्रति टीकाकरण के रूप में प्रस्तावित है। एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनांक 31.10.2017 में रू0 57.75 लाख (03 वर्षो के लिए) एवं वर्ष 2017–18 हेतु रू0 19.25 लाख की कार्ययोजना को एस.एल.एस.सी. के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने की संस्तुति की गयी है। भारत सरकार द्वारा डेयरी, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग भारत सरकार का अभिमत प्राप्त न होने के कारण प्रस्ताव को सपोर्ट नहीं किया गया है। *समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त् भारत सरकार का सकारात्मक अभिमत दिनाँक 31.12.2017 तक प्राप्त करने के निर्देश के साथ कार्ययोजना लागत रू0 57.75 लाख (03 वर्षो के लिए) एवं वर्ष 2017–18 हेतु रू0 19.25 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया।*

iii. **Glanders and Farcy disease surveillance scheme परियोजना लागत रू0 327.39 लाख :–** परियोजनान्तर्गत समस्त जनपदों में घोड़ा प्रजाति के पशुओं में होने वाली ग्लैण्डर एवं फारसी बीमारी एक घातक समस्या है। बीमार पशु के सम्पर्क में आने में यह बीमारी मनुष्यों में भी हो सकती है। ग्लैण्डर एवं फारसी बीमारी की रोकथाम एवं उसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रू0 327.39 लाख (02 वर्षो के लिए) एवं वर्ष 2017–18 हेतु रू0 190.56 लाख की कार्ययोजना प्रस्तुत की गयी है। एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनांक 31.10.2017 में रू0 327.39 लाख (02 वर्षो के लिए) एवं वर्ष 2017–18 हेतु रू0 190.56 लाख की कार्ययोजना को एस.एल.एस.सी. के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने की संस्तुति

की गयी हैं। भारत सरकार द्वारा डेयरी, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग भारत सरकार का अभिमत प्राप्त न होने के कारण प्रस्ताव को सपोर्ट नहीं किया गया है। *समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त् भारत सरकार का सकारात्मक अभिमत दिनाँक 31.12.2017 तक प्राप्त करने के निर्देश के साथ कार्ययोजना लागत रू0 327.39 लाख (02 वर्षो के लिए) एवं वर्ष 2017–18 हेतु रू0 190.56 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया।*

3. **सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ :–**

i. **Establishment of advance diagnostic laboratory for identification of livestock diseases in Western U.P. परियोजना लागत रू0 291.00 लाख :–** विश्वविद्यालय द्वारा पशुओं में होने वाली बीमारियों के निदान हेतु प्रयोगशाला की स्थापना की जानी है। परियोजनान्तर्गत पूर्व निर्मित भवन का जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण तथा आवश्यक उपकरण आदि हेतु रू0 291.00 लाख की आवश्यकता है। परियोजना को आई0सी0ए0आर0 द्वारा वित्त पोषण हेतु संस्तुत किया गया है। एस.एल.पी.एस.सी. की बैठक दिनाँक 31.10.2017 में निर्देश दिये गये हैं कि प्रयोगशाला में कृषकों को रियायती दरों पर विशेष सुविधाएं उपलब्ध करायी जाए। इस आशय की वचनबद्धता कुलपति, कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के द्वारा नोडल विभाग (कृषि विभाग) को एस.एल.एस.सी. के अनुमोदन के पूर्व उपलब्ध करायी जायेगी। कुलपति, कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के पत्र दिनाँक 24.11.2017 के द्वारा एस.एल.पी.एस.सी. के निर्देशानुसार वचनबद्धता उपलब्ध करा दी गयी है। भारत सरकार द्वारा आई.सी.ए.आर. के अभिमत के अनुसार परियोजना को वित्त पोषण हेतु सपोर्ट किया गया है। *समिति द्वारा सम्यक विचारोपरांत कार्ययोजना लागत रू0 291.00 लाख का अनुमोदन वर्ष 2017–18 हेतु प्रदान किया गया।*

ii. **Establishment of goat unit for conservation and revitalization of superior germplasm of Barbari goat परियोजना लागत रू0 141.00 लाख :–** विश्वविद्यालय में बरबरी प्रजाति की बकरियों के संरक्षण एवं पुनरोद्धार हेतु (50 मादा तथा 05 नर बकरियों) इकाई की स्थापना की जानी है। परियोजनान्तर्गत पूर्व निर्मित भवन का जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण तथा आवश्यक उपकरण आदि हेतु रू0 141.00 लाख की आवश्यकता है। परियोजना को आई0सी0ए0आर0 द्वारा सी0आई0आर0जी0 मखदूम (मथुरा) से शुद्ध नस्ल की बकरियां क्रय करने के निर्देश के साथ वित्त पोषण की संस्तुति की गयी है। एस.एल.पी.एस.सी. की बैठक दिनाँक 31.10.2017 में कार्ययोजना लागत रू0 141.00 लाख को वर्ष 2017–18 के लिए एस0एल0एस0सी0 के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने की संस्तुति की गयी है। भारत सरकार द्वारा भी परियोजना का सपोर्ट किया गया है। *समिति द्वारा सम्यक विचारोपरांत कार्ययोजना लागत रू0 141.00 लाख का अनुमोदन वर्ष 2017–18 हेतु प्रदान किया गया।*

4. सैम हिग्गिनबाटम यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलाजी एण्ड साइंसेज, इलाहाबाद :–

